दो दिवसीय धार्मिक यात्रा रवाना

अजमेर, (कासं)। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सोनीनगर से दो दिवसीय धार्मिक यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का दल शनिवार सुबह चांदखेड़ी के लिए रवाना हुआ। यात्रा को डॉ. गोधा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रवक्ता संजय कुमार जैन ने बताया कि फाल्गुन माह की अष्टान्हिका के समापन के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक यात्रा में श्रद्धालु दो बसों के माध्यम से प्रस्थान हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालु सबसे पहले गुलगांव गुणोदय तीर्थ, चन्द्रगिरी तीर्थ, जहाजपुर स्थित स्वस्तिधाम, चंबलेश्वर पार्श्वनाथ और बिजौलिया पार्श्वनाथ तीर्थ के दर्शन करेंगे तथा रात्रि विश्राम अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी में करेंगे। दूसरे दिन प्रात: अभिषेक और भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन कुमुद बहन के सौजन्य से किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालु केशवरायपाटन और कोटा स्थित जैन मंदिर के दर्शन कर वापस अजमेर लौटेंगे। कमल बाकलीवाल ने बताया कि यात्रा के दौरान मार्ग में विराजमान मुनिराज, आर्यिका और अन्य साधु-संतों के दर्शन का भी लाभ प्राप्त होगा।

दिव्यांग बच्चों के लिए नि:शुल्क थेरेपी परामर्श शिविर का शुभारंभ

- इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना है

अजमेर, (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास, अजमेर द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए दो दिवसीय नि:शुल्क ऑक्युपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी और साइकोथेरेपी परामर्श शिविर का शुभारंभ शनिवार को अद्वैत शीघ्र हस्तक्षेपण केंद्र, पंचशील नगर में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि उनके शारीरिक, मानसिक और भाषाई विकास में सहायता मिल सके।

विशेषज्ञों ने दिव्यांग बच्चों के उपचार की जरूरत बताई: कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर डॉ. ज्योत्सना रंगा, महिला मोर्चा अध्यक्ष भारतीय श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जयपुर की प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रिया भार्गव, नई दिल्ली की ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट डॉ. कुमुद शर्मा, संस्था की सचिव एवं मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक तथा निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए इस प्रकार के विशेष शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। इससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों तथा उनके अभिभावकों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से सीधे परामर्श और उपचार की सुविधा मिलती है। उन्होंने कहा कि समय पर उचित थेरेपी और मार्गदर्शन मिलने से बच्चों के विकास में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

मेट्रो शहरों में भी नहीं मिलती ऐसी सुविधा: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जयपुर की प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रिया भार्गव ने कहा कि इस प्रकार की समग्र थेरेपी सेवाएं कई मेट्रो शहरों में भी एक ही स्थान पर उपलब्ध नहीं हो पातीं। उन्होंने संस्था द्वारा बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी प्रशिक्षण देने की पहल को सराहनीय बताया और कहा कि इससे बच्चों की देखभाल और पुनर्वास की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनती है।

100 गांवों से आए 250 दिव्यांग बच्चों ने लिया लाभ: संस्था की सचिव एवं मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक ने बताया कि शिविर के पहले दिन अजमेर शहर, पुष्कर, अजमेर ग्रामीण, श्रीनगर और पीसांगन ब्लॉक के लगभग 100 गांवों से आए करीब 250 दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों ने शिविर का लाभ लिया। उन्होंने बताया कि इस विशेष शिविर में दिल्ली एनसीआर की प्रसिद्ध ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट डॉ. कुमुद शर्मा सहित संस्था की विशेषज्ञ टीम ने बच्चों को नि:शुल्क परामर्श और थेरेपी सेवाएं प्रदान कीं।

विशेषज्ञ टीम ने किया बच्चों का विस्तृत मूल्यांकन: कैंप में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. कृष्ण कुमार बाकोलिया, डॉ. वंदना सिंह और डॉ. समीक्षा राठौर, स्पीच विशेषज्ञ शानू कंवरिया तथा साइकोलॉजिस्ट राजेश्वरी शेखावत, दीपाली बरन्या और युक्ता दवे ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने बच्चों की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया और अभिभावकों को उचित थेरेपी, व्यायाम, दैनिक गतिविधियों में सुधार तथा बच्चों के विकासात्मक माइलस्टोन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

मौके पर ही दिए गए थेरेपी सत्र: शिविर के दौरान कई बच्चों को मौके पर ही आवश्यक थेरेपी सत्र भी दिए गए। विशेषज्ञों ने अभिभावकों को बताया कि नियमित थेरेपी, उचित अभ्यास और सही मार्गदर्शन से दिव्यांग बच्चों की क्षमताओं को विकसित किया जा सकता है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलती है।

सिन्धी समाज की 7 विभूतियों को मिला 'सिन्धु रत्न सम्मान'

- चेटीचंड पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित, समाज सेवा करने वालों का हुआ सम्मान

अजमेर,(कासं)। सिंध इतिहास एवं साहित्य शोध संस्थान सिंधी समाज महासमिति, अजमेर के तत्वावधान में चेटीचंड पखवाड़े के दूसरे दिन रसोई बैंक्वेट हॉल में 'सिन्धु रत्न सम्मान' समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत राम प्रकाश, भाई फतनदास सहित समाज के गणमान्य लोगों ने झूलेलाल भगवान व स्वामी हिरदाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

संस्था अध्यक्ष कंवलप्रकाश किशनानी ने बताया कि संस्था वर्ष 2015 से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा करने वाली विभूतियों को 'सिन्धु रत्न सम्मान' प्रदान कर रही है। इस वर्ष पूर्व अभियांत्रिकी सेवा के अशोक नारायणदास रंगनानी, पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार टेकचंदानी, समाजसेवी शंकर जानीमल बदलानी, अधिवक्ता उत्तम रेवाचंद गुरबक्षानी, साहित्यकार होतचंद मोरियानी, शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. भूमिका गोविंदानी तथा युवा सीए करण बूलचंदानी को माला, शॉल, श्रीफल और अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संत राम प्रकाश ने अपने आशीर्वचन में कहा कि समाज में सेवा कार्य करने वालों को सम्मानित करना प्रेरणादायक है और इससे युवाओं को संस्कार व सेवा की प्रेरणा मिलती है। इसी क्रम में धोलाभाटा स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर में पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा 'हिक शाम झूलण जे नाले' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पांच प्रतिभाओं को विभिन्न सम्मानों से नवाजा गया और अंतरराष्ट्रीय कलाकार घनश्याम भगत ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में समाज के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

होली मिलन में बरसा स्नेह का रंग, इफ्तार के दौरान मांगी दुआएं

डीडवाना (निसं)। डीडवाना में अपनायत की परंपरा की मिसाल हर साल देखने को मिलती है। शनिवार को निर्दलीय विधायक यूनुस खान का जन सेवा केंद्र, साल्ट रोड़, डीडवाना एक बार फिर होली मिलन में स्नेह के रंग व रोजा इफ्तार में देश की तरक्की, अमन, भाईचारे को दुआओं का साक्षी बना डीडवाना में रविवार की सामाजिक सौहार्द की बेमिसाल नजारा देखने को मिला। डीडवाना विधायक वह पूर्व मंत्री यूनुस खान की तरफ से आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम व रोजा इफ्तार प्रोग्राम के दौरान बड़ी संख्या में अपार जन समूह पहुंचा प्रदेश के हर क्षेत्र से आए मेहमानों व नागौर डीडवाना के लोगों ने होली स्नेह मिलन समारोह में भाग लिया तो वही शाम को इफ्तार के बाद देश में अमन चैन की दुआएं मांगी गई। क्षेत्रीय विधायक यूनुस खान ने शनिवार को अपने निज आवास विधायक जन सेवा केंद्र पर होली मिलन व रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया, जिसमे क्षेत्र के हजारों लोगों ने शिरकत कर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इस मौके पर शेखावाटी संस्कृति मंच के कलाकारों द्वारा चंग की थाप पर होली गायन व नृत्य पेश किया। इस दौरान विधायक खान ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि डीडवाना की संस्कृति और परंपरा रही है कि यहां सभी लोग प्यार व स्नेह से मिलकर रहते हैं। रमजान की इफ्तारी और होली के स्नेह मिलन पर मेरी तरफ से सभी को शुभकामनाएं हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति एक है, जातियां, धर्म पंत भिन्न हैं मगर सभी भारतीय एक हैं।

इस दौरान अपार जन समूह ने विधायक का किया स्वागत किया: शनिवार को अपार जन समूह ने विधायक यूनुस खान का मालाएं व साफे पहनाकर व गले मिलकर स्वागत किया। इस मौके पर यूनुस खान ने कहा कि ये जनता के लिए जनता के द्वारा किए गए विकास कार्य हैं जो कि डीडवाना की जनता का मान सम्मान व इज्जत है। उन्होंने कहा कि डीडवाना की जमीन हमेशा से ही सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल रही है। यहां के लोग गंगा जमुनी तहजीब की एक ऐसी बानगी है।

सिलेंडर गायब, महंगाई-बेरोजगारी से जनता त्रस्त, सरकार मस्त: रामचन्द्र चौधरी

- पंचायत राज, निकाय और सहकारी संस्थाओं के चुनाव टालना लोकतंत्र पर प्रहार, सहकारिता क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार का आरोप

अजमेर(निसं)। अजमेर लोकसभा 2024 के कांग्रेस प्रत्याशी और अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने देश और प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक व आर्थिक स्थिति को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज हालात ऐसे बन चुके हैं कि 'मोदी सरेंडर, गायब गैस सिलेंडर और जनता महंगाई-बेरोजगारी के बोझ तले पिस रही है।'

चौधरी ने कहा कि एक तरफ आम जनता बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है, वहीं दूसरी ओर केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार केवल घोषणाओं और दावों तक सीमित रह गई है। उन्होंने कहा कि हालात इतने खराब हो चुके हैं कि 'जनता रो रही है और सरकार सो रही है।' उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले गैस सिलेंडर सस्ती दरों पर देने का वादा किया था, लेकिन आज ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को 40-45 दिन तक गैस सिलेंडर का इंतजार करना पड़ रहा है। इससे साफ है कि गैस की पर्याप्त आपूर्ति नहीं है, जबकि सरकार जनता के सामने बड़े-बड़े दावे कर रही है। विदेश नीति के मुद्दे पर भी उन्होंने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि यदि भारत अमेरिका और इजराइल के दबाव में ईरान से दूरी बनाए रखता है तो देश में गैस संकट और बढ़ सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते नीति में बदलाव नहीं हुआ तो भविष्य में पेट्रोल और डीजल की भी राशनिंग की नौबत आ सकती है। चौधरी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। बढ़ती महंगाई के कारण घरों की रसोई का बजट बिगड़ चुका है और कई ग्रामीण महिलाएं फिर से चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हो रही हैं। उन्होंने प्रदेश में बेरोजगारी को गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि मनरेगा योजना सुचारू रूप से संचालित नहीं हो रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर घट गए हैं। मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं मिल रहा और उन्हें अपने ही मेहनत के पैसे के लिए भटकना पड़ रहा है। साथ ही बुजुर्गों को पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी पिछले कई महीनों से नियमित नहीं मिल पा रहा है। सहकारी संस्थाओं के संदर्भ में उन्होंने कहा कि पंचायत राज और स्थानीय निकाय चुनावों में दो से अधिक बच्चों का नियम लागू किया गया है, लेकिन सहकारी संस्थाओं में इस नियम को लागू नहीं किया जा रहा। यह सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ सौतेला व्यवहार है।

राजकीय विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर शुरू

- स्वयंसेवकों को स्वच्छता, सेवा और साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

अजमेर, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदड़ा, अजमेर में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 14 मार्च से 20 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। शिविर के पहले दिन मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र त्यागी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आसपास के क्षेत्र, विद्यालय और पड़ोस में नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य भी चल रहा है, इसलिए विद्यालय परिसर की स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है ताकि आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेन्द्र ने स्वयंसेवकों को 15 मार्च को आयोजित होने वाली 'रन फॉर राजस्थान' रैली के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला संगठन मंत्री सत्यनारायण शर्मा, सुरेश वैष्णव, मनीष परसोया, महेन्द्र शर्मा, शोएब अली सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों को विश्वम्भर दयाल बुनकर और जयश्री शर्मा द्वारा योगाभ्यास और ध्यान करवाया गया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी महेन्द्र कुमार ने स्वयंसेवकों को विशेष शिविर की आवश्यकता और महत्व के बारे में जानकारी देते हुए शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

द्वितीय सत्र में बुनकर ने साइबर क्राइम विषय पर वार्ता देते हुए विद्यार्थियों को डिजिटल अपराधों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने साइबर अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी भी दी और स्वयंसेवकों को जागरूक रहने का संदेश दिया।

क्रिकेट प्रतियोगिता में हाउसिंग बोर्ड पंचायत विजेता

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। चेटीचण्ड महोत्सव के अंतर्गत आयोज्य क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान फाइनल मैच में हाउसिंग बोर्ड पंचायत विजेता रही। योगेश रामनानी, मनोहर तारानी, नंदलाल अहिलानी, डॉ किशोर मंगनानी, चेतन दलवानी, पिशू मुलानी, अशोक फतनानी, चिमनदास बुधवानी, हेमंत चंदीरामानी, गिरधारी अमरवानी, पप्पन अहिलानी, अमित गिदवानी, करण मेंघानी, राजेश मनवानी, राजकुमार तनवानी अतिथि के रूप मौजूद रहे। जितेन्द्र कौरानी ने कॉमेंट्री की। पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा विजेता व उपविजेता टीम में शामिल खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान मनोज किशनानी, प्रदीप, प्रेम मंगलानी, गोपेश रामचंदानी, महेश साधवानी, विनोद तुलसानी, बंटी वासवानी, रमेश खेमानी, रमेश सुखवानी, अशोक शोभानी, मोनू मूलचंदानी, बंटी पेसवानी, रमेश लालवानी, सुरेश विशनानी, मुकेश मेघानी, जयप्रकाश खुशलानी, भरत देवलानी सहित कई समाजबंधु मौजूद रहे।

अजमेर मंडल ने एक दिन की लोडिंग में बनाया नया कीर्तिमान

अजमेर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल ने माल लदान (लोडिंग) के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मंडल ने 13 मार्च 2026 को 0.0571 मिलियन टन की रिकॉर्ड लोडिंग दर्ज कर अपने ही पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव के अनुसार 13 मार्च को कुल 847 वैगनों के माध्यम से 0.0571 मिलियन टन माल की लोडिंग की गई, जो मंडल के इतिहास में अब तक की सर्वश्रेष्ठ एक दिवसीय लोडिंग है। इससे पहले 26 दिसंबर 2022 को 0.055 मिलियन टन लोडिंग का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक भारती भारद्वाज के निर्देशन में मार्च माह के पहले 13 दिनों (1 से 13 मार्च) के दौरान मंडल ने कुल 0.4587 मिलियन टन माल लोडिंग की है। वहीं चालू वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 13 मार्च 2026 तक मंडल की कुल संचयी लोडिंग 9.563 मिलियन टन तक पहुंच चुकी है। वर्तमान लोडिंग प्रदर्शन के आधार पर अजमेर मंडल उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मंडलों में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। अजमेर मंडल की लोडिंग 9.563 मिलियन टन रही, जबकि जयपुर मंडल की 9.4807 मिलियन टन, बीकानेर मंडल की 3.1805 मिलियन टन और जोधपुर मंडल की 6.347 मिलियन टन लोडिंग दर्ज की गई। इस प्रकार उत्तर पश्चिम रेलवे ज़ोन की कुल लोडिंग 28.569 मिलियन टन रही।

अजयमेरु प्रेस क्लब के इफ्तार में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब

- सौहार्द और कौमी एकता का दिया संदेश

अजमेर, (कासं)। अजयमेरु प्रेस क्लब द्वारा शुक्रवार को आयोजित रोज़ा-इफ्तार कार्यक्रम सौहार्द और कौमी एकता का संदेश देते हुए संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न समुदायों-हिन्दू, मुस्लिम, सिख, सिंधी, जैन और ईसाई समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. रमेश अग्रवाल तथा क्लब के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत उद्बोधन से हुई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ. रमेश अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में देश के हालात ऐसे हैं कि कई लोग गलत को गलत कहने का साहस भी नहीं जुटा पा रहे हैं, लेकिन डर का यह माहौल अधिक समय तक कायम नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी विश्वास और भाईचारे को मजबूत बनाने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। दरगाह से जुड़ी प्रमुख संस्था अंजुमन मोईनिया सैयद जादगान के पूर्व सदर सैयद गुलाम किबरिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन कौमी एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं वाला देश है और आपसी प्रेम व भाईचारे की परंपरा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। अंजुमन के पूर्व सचिव सैयद वाहिद हुसैन चिश्ती (अंगारा शाह) ने कहा कि रोजेदारों का रोज़ा खुलवाना इस्लाम में एक पुण्य का कार्य माना गया है। रोज़ेदार और रोज़ा खुलवाने वाले दोनों को इसका सवाब मिलता है। उन्होंने कहा कि अजयमेरु प्रेस क्लब द्वारा हर वर्ष आयोजित किया जाने वाला यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देता है और विभिन्न समुदायों को एक मंच पर लाने का कार्य करता है। कार्यक्रम में मौजूद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खान मोहम्मद ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी विश्वास को बढ़ाते हैं और भय के वातावरण को समाप्त करने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर फादर इलियास, गुरुद्वारा अलवर गेट के ग्रंथी अमरजीत सिंह एवं पूर्व प्रधान दिलबाग सिंह, गायत्री परिवार के दिनेश गोयल साहब, बुद्धिस्ट प्रतिनिधि प्रेम प्रकाश उमरवाल, बी एस ज्योतियाना तथा प्रकाश जैन सहित कई गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। इफ्तार कार्यक्रम में शकील अहमद, एडवोकेट इकबाल चिश्ती, एडवोकेट शफीकुर रहमान, सरवर सिद्दीकी, शनीफ भाई, मोहम्मद अहमद खान, डॉक्टर लाल थदानी, अफशान चिश्ती सहित बड़ी संख्या में रोजेदार, शहर के प्रमुख नागरिक तथा प्रेस क्लब के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में अंजुमन सैयद जादगान की ओर से सैयद गुलाम किबरिया और सैयद वाहिद हुसैन अंगारा शाह ने डॉ. रमेश अग्रवाल का शॉल ओढ़ाकर तथा दस्तारबंदी कर सम्मान किया।

NAME CHANGE

I,SARLA DEVI is real Mother of No-15796209Y, HAV(OFC) MANJEET of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO.Jhajjar Haryana,124109,have changed my name from SARLA DEVI to SHILA DEVI in my son's army service records.aff-CF 347469.date-13 March 2026.Before Notary AD Mohammad Javed Nasirabad

NAME CHANGE

I,VITTAM DEVI is real Mother of No-15797802Y, HAV(OFC) BRAJESH KUMAR of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO.Mainpuri,(UP) 205001.have changed my name from VITTAM DEVI to BITTAN DEVI in my son's army service records.aff-CF 347471.date-13 March 2026.Before Notary AD Mohammad Javed Nasirabad

NAME CHANGE

I Sabita Devi, Wife of Army No.14872327M, NK(MT), Ajay Kumar Residing at Holupura, Isai Gopalpur, Mainpuri, U.P. 205263 have change my name from Sabita Devi to Sabita Kumari, vide affidavit no. CF 240147 dt 14/03/2026 at court campus Nasirabad

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमति लक्ष्मी पत्नि श्री भगवानदास निवासी 569/07, जटिया कॉलोनी, पहाड़गंज, अजमेर ने आनासागर सरक्यूलर रोड योजना, चारणशोध संस्थान के पीछे, माकड़वाली रोड, अजमेर स्थित नगर सुधार न्यास अजमेर द्वारा निर्मित आवासगृह संख्या 63 ई.डब्ल्यू.एस. को श्रीमति राधा खियानी पत्नि श्री गोविन्दराम निवासी चारण शोध संस्थान के पीछे, अजमेर से क्रय अनुबंध किया है, इसमें यदि किसी भी बैंक, संस्था, समिति, संघ, फर्म, कंपनी, व्यक्ति विशेष का हित, स्वत्व हो एवं किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो कृपया इस सूचना प्रकाशन की दिनांक एक सप्ताह के भीतर/तक मुझसे/मेरी पक्षकारा से मय सबूत संपर्क करें, अन्यथा बाद में विक्रय पत्र पंजीयन करवा लिया जावेगा, तत्पश्चात कोई उज्र/क्लेम मान्य नहीं होगा।

-एडवोकेट रवि वालवानी, सूचना केंद्र के सामने, जयपुर रोड, अजमेर, मो. 9928504021

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि/भूमि/2025/6713 आपत्ति सूचना दिनांक: 12-03-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका बिजयनगर में स्थानीय पत्रकारों के द्वारा नगरपालिका बिजयनगर की स्वामित्व की गांधी नगर आवासीय कॉलोनी में रियायती दर/डीएलसी दर पर भूखण्ड आवंटन की मांग की गई है, जो विवरण निम्न प्रकार है-

क्र.सं.	नाम आवेदनकर्ता	कॉलोनी का नाम	भूखण्ड संख्या	नाप
1	स्थानीय पत्रकार बिजयनगर	गांधी नगर आवासीय कॉलोनी बिजयनगर	ब्लॉक नंबर (बी), गांधी नगर आवासीय योजना बी-42 से बी-49	प्रत्येक भूखंड की साईज 30x64

अत: इन भूखंडों को स्थानीय पत्रकारों को रियायती दर पर भूखण्ड आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 15 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

-अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका बिजयनगर

कार्यालय ग्राम पंचायत पचानपुरा, पंचायत समिति रायपुर (ब्यावर)

क्रमांक: ग्रापप/2025-26/231 ई-निविदा सूचना 02/2025-26 दिनांक: 09-03-2026

एस डी आर एफ एवं मगरा क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम मद (वित्तीय वर्ष 2025-26) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत पचानपुरा में निम्न कार्य करवाने जाने हेतु ई-टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा की तिथियां, समय व शर्तें एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालय समय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http:\\sppp.rajasthan.gov.in एवं http:\\eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

निविदा सूचना की क्रम सं.	ऑनलाईन निविदा विक्रय/डाउनलोड /अपलोड करने की दिनांक व समय	डी.डी. व हार्ड कॉपी जमा करवाने की तिथि व समय	ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि
1 से 7	13.03.2026 (9.00AM) to 19.03.2026 till (05.00 PM)	20.03.2026 till (12.15 PM)	20.03.2026 from 03.00 PM & onwards

उक्त निविदाओं के यूबीएन कोड निम्न है-

NIB No- PHS2526A0047 UBN No- PHS2526WSOB00229 to 235

प्रशासक, ग्राम पंचायत पचानपुरा, पं.स. रायपुर (ब्यावर)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पचानपुरा, पं.स. रायपुर (ब्यावर)

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) अराई जिला अजमेर

आपत्ति आमंत्रण

प्रकरण संख्या-02/2024

प्रार्थी श्री रिद्धकरण पुत्र भूरा जाति जाट निवासी दादिया तहसील अराई ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी ने ग्राम दादिया स्थित ख.नं. 742 रकबा 7 बीघा 15 बिस्वा में हमीरा पुत्र गोविन्दा जाति जाट नि. दादिया के हिस्सा 1/4 का हि. 1/6 अर्थात 1/24 हिस्से को जरिये रजिस्ट्री दिनांक 16/03/2002 को क्रय कर लिया था जिसका राजस्व रिकॉर्ड में इन्द्राज कराया जाये। विक्रेता हमीरा पुत्र गोविन्दा फौत हो चुका है तथा मृतक हमीरा पुत्र गोविन्दा की विरासत एवं हमीरा की पुत्रियों कानी व घमला के हकत्याग करने से हमीरा के पुत्र प्रधान पुत्र हमीरा का नाम उक्त खसरे में दर्ज रिकॉर्ड है। उक्त विक्रय पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही करने हेतु उक्त प्रार्थना पत्र न्यायालय तहसीलदार अराई में राज० भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135(2) अन्तर्गत विचाराधीन है। आपत्ति आमंत्रण की जाती है कि उक्त कृषि भूमि के बेचान का नामान्तरकरण प्रार्थी श्री रिद्धकरण पुत्र भूरा जाति जाट निवासी दादिया तहसील अराई के पक्ष में करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संगठन या कंपनी आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आपत्ति आमंत्रण के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर इस न्यायालय के समक्ष लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमानुार नामान्तरकरण संबंधी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

- तहसीलदार (भू.अ.) अराई,अजमेर